विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम-शुक्रवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-31 का उत्तर-

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 31 (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-वाराणसी, तहसील-शिवपुर, पोस्ट -अमौली, गांव-रैमला, ब्लॉक-चिरईयागांव में लुटावन चौहान, बुझावन चौहान, दयामाली, अनित देवी, नथुनी माली, जितेन्द्र माली के मकान कच्चे है? | मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी के पत्र दिनांक 09.07.2024 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के अनुसार (1) श्री लुटावन चौहान पुत्र श्री नन्हकू चौहान का दो कमरे का पक्का मकान बना हुआ है। एक कमरा गाटर-पटिया का छत है तथा दूसरा छत सीमेन्ट की चादर से ढका हुआ है। (2) श्रीमती दया माली पत्नी श्री नथुनी माली का पक्का मकान है, जिसमें तीन कमरे एवं किचन की छत सीमेन्ट की चादर से ढकी हुई है तथा बड़ा सा आंगन एवं बाउन्ड्रीवाल है। (3) श्री नथुनी माली पुत्र श्री वंगा माली एवं क्रम संख्या-2 पर अंकित दया माली दोनों एक ही परिवार से पति-पत्नी हैं। (4) श्रीमती अनीता देवी पत्नी श्री गोपी प्रसाद माली का तीन कमरे का पक्का मकान बना हुआ है तथा एक किचन बड़ा सा आंगन एवं बाउन्ड्रीवाल है। (5) श्री जितेन्द्र माली पुत्र श्री होरी लाल माली का पक्का मकान बना है। एक कमरा का छत स्तर पर सीमेन्ट की चादर से ढका है एवं दो कमरे नीव स्तर तक निर्माणाधीन हैं। क्रम संख्या 1 से 5 तक उपरोक्त सभी अपात्र हैं। (6) श्री बुझावन चौहान पुत्र श्री नन्दू चौहान के पास एक कमरे की कच्ची ईंट की दीवाल सीमेन्ट की चादर से ढकी हुई है। |
| (ख) यदि हॉं, तो कब तक उक्त व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करायेंगे? | उपरोक्त बिन्दु संख्या 1 से 5 तक सभी अपात्र हैं। श्री बुझावन चौहान पुत्र श्री नन्दू चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए पात्र हैं, जिनका ग्राम पंचायत स्तर पर आवास हेतु पात्रता प्रतीक्षा पंजिका के क्रम संख्या-4 पर अंकन कर लिया गया है। आवास साइट खुलने पर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराये जाने की कार्यवही की जायेगी। यह कार्यवाही ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आवास की वेबसाइट खोले जाने के निर्णय के अधीन है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य,
उप मुख्यमंत्री।